राजधानी • वर्ष 18 | अंक 220 | पृष्ठ: 12+4
मूल्य : चार रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 18 नवंबर 2020

शाह बोले जम्मू-कश्मीर को आतंक व उत्पात के युग में वापस ले जाना चाहता है गुपकार गैंग...9

यीडा में बनेगा फर्नीचर पार्क हजारों को मिलेगा रोजगार

सेक्टर 28-29 में नए साल में योजना लाने की प्राधिकरण ने की घोषणा

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। हैंडीक्राफ्ट, अपैरल व एमएसएमई पार्क के सफल होने के बाद अब यीडा ने नोएडा एयरपोर्ट के पास सेक्टर 28-29 में फर्नीचर पार्क बनाने की घोषणा की है। 300 एकड़ एरिया में प्रस्तावित इस पार्क को देशभर के फर्नीचर उत्पाद से जुड़ी कंपनियों व कारीगरों को जोड़ने की तैयारी है। इससे 1700 करोड़ रुपये के निवेश और हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

दरअसल, नोएडा एयरपोर्ट के कारण यमुना प्राधिकरण एरिया में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ा है। प्राधिकरण की तरफ से जो भी योजनाएं लांच की गईं, वे सफल हुई हैं। इन योजनाओं के अधिकतर प्लॉट बिक गए हैं। प्राधिकरण का मानना है कि अपैरल व हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद वुडन और फर्नीचर से जुड़े हुए हैं। फर्नीचर पार्क बनाने से अपैरल व हैंडीक्राफ्ट कंपनियों को भी फायदा मिलेगा। यहां के लोगों को सस्ते और बेहतरीन फर्नीचर उत्पाद मिल सकेंगे। प्राधिकरण की योजना है कि फर्नीचर पार्क से देश के प्रसिद्ध कारीगर भी जुड़ें, इसके लिए उन जगहों के संगठनों से संपर्क साधा जाएगा। खासतौर पर सहारनपुर व बरेली के वुडन कारीगरों को इससे जोड़ने की कोशिश रहेगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि फर्नीचर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्यिक मंत्रालय भी अपनी शर्तों में ढील देने जा रहा है। इसका फायदा फर्नीचर पार्क में आने वाली कंपनियों को भी मिलेगा।

1700 करोड़ के निवेश का आकलन

300 एकड़ में बनाया जाएगा पार्क

- देशभर की फर्नीचर उत्पाद से जुड़ी कंपनियों व कारीगरों को जोड़ने की तैयारी
- खासतौर पर सहारनपुर व बरेली के वुडन कारीगरों को साथ लाने की कोशिश

फर्नीचर के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

अपने देश से अमेरिका व फ्रांस को सबसे ज्यादा फर्नीचर निर्यात किया जाता है। जेवर में नोएडा एयरपोर्ट बनने जा रहा है। उसमें कार्गो की भी सुविधा होगी। सेक्टर 28 व 29 नोएडा एयरपोर्ट के पास ही है। इस वजह से विदेशों को फर्नीचर के निर्यात में भी सहूलियत मिलेगी। निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। यीडा सिटी एरिया में फिल्म सिटी भी बनने जा रही है। फर्नीचर की खपत उससे भी बढ़ेगी।

कॉमन फैसिलिटी सेंटर भी बनेगा

फर्नीचर पार्क के साथ ही कॉमन फैसिलिटी सेंटर भी बनेगा, जिसमें कॉफ्रेंस भी हो सके और वुडन कारीगर खुद के उत्पाद भी प्रदर्शित कर सकें। पार्क में स्टील फ्रेम वर्क से जुड़ी कंपनियां भी लगेंगी, ताकि लोगों को लिविंग एरिया से जुड़े फर्नीचर उत्पाद आसानी से मिल सकें।

"फर्नीचर पार्क को नए साल में लांच करने की तैयारी है। इसके लिए प्लॉट नियोजित किए जा रहे हैं। कागजी प्रक्रिया इस साल के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। उम्मीद है कि हैंडीक्राफ्ट, अपैरल व एमएसएमई की तरह यह योजना भी सफल रहेगी। ये सभी एक दूसरे के लिए पूरक उद्योग के रूप में विकसित होंगे।

- डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यीडा

फिल्म सिटी की डीपीआर बनाने को नौ कंपनियां आगे आईं

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी की डीपीआर बनाने के लिए कंपनी का चयन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीपीआर बनाने के लिए देसी विदेशी नौ कंपनियों ने रुचि दिखाई है। यीडा सिटी में 1000 एकड़ में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डीपीआर बनवाने के लिए 29 अक्टूबर को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) निकाला गया था। जिन कंपनियों ने डीपीआर बनाने में रुचि दिखाई है, उसमें एरिनम, सीपी कुकरेजा, पीडब्ल्यूसी, केपीएमजी, ग्रांट थ्रांटन डॉट इन, सीबीआरई, वोयांट्स सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, निर्माण व नार्थ प्लनेंस कैपिटल पार्टनर्स एलएलपी शामिल हैं। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि कंपनियों के सवालों का जवाब देने के लिए बुधवार को ऑनलाइन प्री बिड बैठक होगी। डीपीआर बनाने के लिए फाइनल बिड 25 नवंबर को खोली जाएगी। ब्यूरो

आज होगी प्री बिड बैठक सेक्टर-21 में बननी है फिल्म सिटी